रिपोर्ट: देश में 12% घटी गरीबी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में अति गरीबों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है। 2011 के मुकाबले 2019 में गरीबी 12.3 फीसदी घटी है। देश में गरीबों की संख्या 2011 में 22.5 फीसदी थी, जो 2019 में घटकर 10.2 फीसदी हो गई। विश्व बैंक पॉलिसी रिसर्च के वर्किंग पेपर्स में यह जानकारी दी गई है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट के निष्कर्ष इसी मामले पर प्रकाशित आईएमएफ के एक वर्किंग पेपर के करीब हैं। आईएमएफ ने कहा था कि भारत ने अति गरीबी को लगभग समाप्त कर दिया है। सरकार द्वारा दी जा रही खाद्य वस्तुओं के माध्यम से 40 वर्षों में उपभोग असमानता अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। विश्व बैंक की रिपोर्ट को अर्थशास्त्री सुतीर्थ सिन्हा रॉय और रॉय वैन डेर वेइड ने लिखा है।

छोटी जोत के किसानों की आमदनी बढ़ी: किसानों की आय में 2013 और 2019 के बीच दो सर्वेक्षणों के दौरान सालाना 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई।

21.92 फीसदी लोग गरीब हैं 2011-12 के अनुसार, सरकार ने हाल में संसद में दी थी जानकारी

25.70 फीसदी ग्रामीण, जबकि 13.7 फीसदी शहरी गरीब हैं केंद्र के आंकड़ों के अनुसार





विश्व बैंक के आंकड़े % में

शहरों में प्रति माह आय एक हजार से कम तो गरीब

भारत में शहरी क्षेत्र में रह रहे परिवारों के संदर्भ में गरीबी रेखा को 1000 रुपये (प्रति व्यक्ति प्रति माह) और ग्रामीण परिवारों के लिए इसे 816 रुपये निर्धारित किया गया है। विश्व बैंक के मुताबिक, भारत में पिछले एक दशक में गरीबी कम हुई है, लेकिन यह संभावना से कम है।

➤ नोटबंदी से गरीबी P14